एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

:मी विक्रम संवत 2083 | बरेली | शुक्रवार, 18 सितंबर 2026, 

**PAGE NO. 6: TOP**



एसआरएमएस में पूजन करते देवमूर्ति व छात्र। ● अमृत विचार

## श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थानों में किया पूजन

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थानों में विश्वकर्मा पूजा की गई। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में सुबह 9 बजे महाविद्यालय की वर्कशाप में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन हुआ। चेयरमैन देव मूर्ति, प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, डीन एकेडमिक्स डा. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट डा. अनुज कुमार, वाइस प्रिंसिपल डा. ऋतु सिंह, डायरेक्टर फार्मेसी डा. अमित कुमार शर्मा, डीएसडब्ल्यू डा. सौरभ गुप्ता, चीफ प्रॉक्टर, ई. विवेक यादव एवं सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में संस्थान के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने पूजा अर्चना के साथ हवन किया।

Bareilly, Friday, 18 September 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

# दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 4: MIDDLE

## SRMS ट्रस्ट के संस्थानों में मनाई विश्वकर्मा पूजा

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT



bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (17 Sep):** श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थानों इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कालेज में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन हुआ. इस अवसर पर महाविद्यालयों की सभी वर्कशापों को फूलों से सजाया गया, इसके साथ ही मशीनों एवं औजारों का पूजन किया गया. श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में प्रातः नौ बजे महाविद्यालय की वर्कशाप में विश्वकर्मा पूजा का शुभारम्भ संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति जी ने किया. संस्था की कार्यशाला में भगवान श्री विश्वकर्मा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संस्था के पुजारी जी के द्वारा हवन पूजन किया गया. इसमें मैकेनिकल विभाग के छात्र/छात्राओं, मेडिकल के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं एक दूसरे को विश्वकर्मा पूजा की बधाई दी. इस अवसर पर एसआरएमएस इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूशन बरेली के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डीन एकेडमिक्स डॉ. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट डॉ. अनुज कुमार, वाइस प्रिंसिपल डॉ. ऋतु सिंह, डायरेक्टर फार्मेसी डॉ. अमित कुमार शर्मा, डीएसडब्ल्यू डॉ. सौरभ गुप्ता, चीफ प्रॉक्टर, ई. विवेक यादव एवं महाविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे.